# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन - ०१/२०२५ - CEN - 01/2025

## सहायक लोको पायलट की भर्ती/ Recruitment of Assistant Loco Pilot

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/02/2026 |
| Test Time | 12:30 PM - 1:30 PM |
| Subject | RRB ALP CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB ALP**

**Q.1** $\dfrac{0.8\times0.8\times0.8-0.08\times0.08\times0.08}{8\times8\times8}$ को सरल कीजिए।

**Ans**
❌ A. 0.0000999
❌ B. 0.0999
❌ C. 0.00999
D. 0.000999

**Q.2** एक व्यक्ति स्थान A से B तक 12 km/h की चाल से जाता है, और उसी मार्ग से B से A तक 3 km/h की चाल से वापस आता है। संपूर्ण यात्रा के दौरान औसत चाल (km/h) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
❌ A. $5\frac{4}{5}$
B. $4\frac{4}{5}$
❌ C. $6\frac{4}{5}$
❌ D. $7\frac{4}{5}$

**Q.3** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

**कथन:**
सभी किसान, ग्रेजुएट हैं।
सभी ग्रेजुएट, कर्मचारी हैं।

**निष्कर्ष:**
(I) कुछ कर्मचारी, ग्रेजुएट हैं।
(II) सभी किसान, कर्मचारी हैं।

**Ans**
A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
❌ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
❌ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
❌ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Q.4** 36 और 81 के बीच का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans**
A. 54
❌ B. 45
❌ C. 52
❌ D. 48

**Q.5** कमलेश और प्रथमेश की वर्तमान आयु का योग 52 वर्ष है। अब से 2 वर्ष बाद, कमलेश की आयु प्रथमेश की आयु से तीन गुना हो जाएगी। कमलेश की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
❌ A. 32
❌ B. 34
❌ C. 36
D. 40

**Q.6** किसी संख्या का 4% उसी संख्या के 18% का लगभग कितना प्रतिशत है?

**Ans**
❌ A. 450%
❌ B. 9.09%
❌ C. 18.18%
D. 22.22%

**Q.7** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से DTWM का संबंध IXZO से है। उसी तरीके से, KRHF का संबंध PVKH से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SLCO का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans**
❌ A. XPFR
❌ B. YPFR
C. XPFQ
❌ D. YOFR

**Q.8** किसी निश्चित राशि पर, यदि समान ब्याज दर से, 2 वर्षों का साधारण ब्याज ₹64 और चक्रवृद्धि ब्याज ₹80 है, तो वह राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
❌ A. 57
B. 64
❌ C. 59
❌ D. 68

**Q.9** कुछ प्रजातियों का जीवनकाल निम्नांकित तालिका में दिया गया है। दिनों में बहुलकी जीवनकाल (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) की गणना कीजिए।

| जीवनकाल (दिन) | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 10 | 35 | 52 | 61 | 38 | 29 |

**Ans**
❌ A. 40
❌ B. 36.5
❌ C. 29
D. 32.8

Q.10 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) B V J W N U Y N G N R O N R K C G N J W A (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर भी है?

Ans
- ✗ A. तीन
- B. एक भी नहीं
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.11 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

KEV CWN UOF MGX ?

Ans
- ✗ A. ERT
- B. EYP
- ✗ C. EDS
- ✗ D. EPY

Q.12 PRINTED शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में बाएं से तीसरा अक्षर निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

Ans
- A. J
- ✗ B. F
- ✗ C. S
- ✗ D. M

Q.13 अमिता बिंदु A से उत्तर की ओर 5 m चलती है। फिर वह दाहिने मुड़ती है और 8 m चलती है। वह फिर से दाहिने मुड़ती है और 3 m चलती है। एक बार फिर, वह दाहिने मुड़ती है और 2 m चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 2 m चलती है और बिंदु B पर रुक जाती है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के ही हैं।)

Ans
- A. पश्चिम
- ✗ B. दक्षिण
- ✗ C. उत्तर
- ✗ D. पूर्व

Q.14 करण और अर्जुन क्रमशः ₹45,000 और ₹50,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू करते हैं। करण अपनी धनराशि 4 महीने के लिए निवेश करता है और अर्जुन अपनी धनराशि 10 महीने के लिए निवेश करता है। वर्ष के अंत में, कुल लाभ का 20%, ₹30,600 है। लाभ में अर्जुन का हिस्सा (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 1,14,600
- B. 1,12,500
- ✗ C. 1,14,250
- ✗ D. 1,12,350

Q.15 एक दुकानदार किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 75% और 34% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करके उसे ₹689.7 में बेचता है। यदि वह कोई छूट प्रदान नहीं करता, तो उसे 76% का लाभ अर्जित होता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 2,397
- ✗ B. 2,359
- C. 2,375
- ✗ D. 2,333

**Q.16** बिंदुओं A, B और C के बीच की दूरियां इस प्रकार हैं कि AB = 180 km और BC = 240 km है। एक यात्री A से B तक 45 km/h की चाल से और B से C तक 60 km/h की चाल से जाता है, C से B तक 40 km/h की चाल से वापस होता और अंत में B से A तक 30 km/h की चाल से वापस होता है। सम्पूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans


A. 42

B. 41

C. 51

D. 45

**Q.17** निम्नलिखित आकृति में, RS ∥ TU है। यदि ∠QTU + ∠PRQ = 130° और ∠RPQ = 80° हो, तो ∠PQR – ∠PRQ का मान ज्ञात कीजिए।




Ans

A. 45°

B. 65°

C. 50°

D. 70°

**Q.18** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CROW' को '2916' के रूप में और 'WORK' को '6152' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या है?

Ans

A. 6

B. 1

C. 2

D. 5

**Q.19** एक निश्चित कूट भाषा में,

'A # B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A - B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D # M + S @ P - R' है, तो D का R से क्या संबंध है?

Ans

A. भाई की पुत्री

B. पिता के भाई की पत्नी

C. पिता के भाई की पुत्री

D. पिता की पुत्री

**Q.20** एक वस्तु की कीमत ₹1700 थी। पहले वर्ष में इसमें 5% और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि की गयी। दो वर्ष बाद वस्तु की कीमत (₹ में) कितनी होगी?

Ans

A. 1885

B. 2142

C. 2040

D. 2125

Q.21 पांच व्यक्तियों V, W, X, Y और Z में से प्रत्येक की एक निश्चित आयु है। X की आयु V की आयु की तीन गुना है। V की आयु 12 वर्ष है। Y की आयु Z की आयु की आधी है। W की आयु Y की आयु की दो गुना है। यदि Z की आयु X की आयु के बराबर है, तो W की आयु कितनी है?

Ans
- ✗ A. 35
- ✗ B. 54
- ✗ C. 42
- D. 36

Q.22 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।
(बाएं) 3 5 6 3 4 6 4 3 1 5 7 6 8 6 3 1 3 6 7 8 9 7 5 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक आता है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. एक भी नहीं
- D. तीन

Q.23 40 cm त्रिज्या वाले एक गोले से 512 एकसमान छोटे गोले बनाए गए हैं, जिसमें छोटे गोलों का कुल आयतन, बड़े गोले के आयतन के बराबर है। प्रत्येक छोटे गोले का व्यास (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 15
- ✗ B. 6
- C. 10
- ✗ D. 14

Q.24 एक कार पहाड़ से निकली चट्टान से गिरती है और 0.6 s में जमीन पर पहुंचती है। मान लीजिए g = 10 $m/s^2$ है। जमीन पर टकराने पर कार की चाल कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 10 m/s
- ✗ B. 3 m/s
- C. 6 m/s
- ✗ D. 12 m/s

Q.25 यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

18 - 36 ÷ 10 × 20 + 34 = ?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 0
- C. 2
- ✗ D. 3

Q.26 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A - B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A * B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
'A / B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'W - Q * F * E' है, तो W का E से क्या संबंध है?

Ans
- A. पिता की बहन
- ✗ B. पिता का भाई
- ✗ C. पुत्री
- ✗ D. माता

**Q.27** आग या रेडिएटर के ऊपर उठने वाली तप्त वायु की प्रक्षुब्ध प्रवाह के माध्यम से देखी जाने वाली वस्तुओं की आभासी अनियमित अस्थिर गति अथवा झिलमिलाहट किस कारण से होती है?

**Ans**

A. प्रकाश का वायुमंडलीय अपवर्तन

✗ B. प्रकाश का परावर्तन

✗ C. प्रकाश का प्रकीर्णन

✗ D. प्रकाश का विक्षेपण

**Q.28** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**TKB ULG VML WNQ ?**

**Ans**

✗ A. XQW

✗ B. YOX

✗ C. YQW

D. XOV

**Q.29** सात बॉक्स, M, N, O, P, Q, R और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन ज़रूरी नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। O को शीर्ष से तीसरे स्थान पर रखा गया है। O और Q के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। P को Q के ठीक ऊपर रखा गया है। M को R के ठीक नीचे रखा गया है। N को सबसे नीचे नहीं रखा गया है। नीचे से चौथा बॉक्स कौन-सा है?

**Ans**

✗ A. Q

B. N

✗ C. M

✗ D. P

**Q.30** निम्नलिखित में से किस कारण, हृदय के निलय में मोटी पेशीय भित्तियाँ मौजूद होती हैं?

**Ans**

✗ A. हृदय स्पंद और लय को नियंत्रित करने के लिए

✗ B. शरीर और फेफड़ों से रक्त प्राप्त करने के लिए

✗ C. रक्त को आलिंद में प्रवेश करने से पहले भंडारित करने के लिए

D. उच्च दाब के साथ रक्त को पंप करने के लिए

**Q.31** एक दुकानदार ने छह एकसमान मोबाइल फोन ₹72000 में खरीदे, और उनमें से दो मोबाइल फोन ₹72000 में बेच दिए। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**

A. 200%

✗ B. 203%

✗ C. 1.97%

✗ D. 201%

**Q.32** भारत के महान्यायवादी देश के सर्वोच्च विधि अधिकारी हैं जिनकी नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?

**Ans**

✗ A. भारत के मुख्य न्यायाधीश

B. भारत के राष्ट्रपति

✗ C. भारत के प्रधानमंत्री

✗ D. उच्चतम न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश

**Q.33** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**

✗ A. MN-OP

B. AB-CA

✗ C. EF-GH

✗ D. IJ-KL

Q.34 दी गई शृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

56 68 87 113 146 ?

Ans
- ✗ A. 188
- ✗ B. 187
- C. 186
- ✗ D. 185

Q.35 यदि $2^a = 32$, $b^4 = 81$, और $b > 0$ है, तो $a^b$ का मान क्या है?

Ans
- ✗ A. 216
- ✗ B. 27
- ✗ C. 64
- D. 125

Q.36 A, B, C, D, E, F और G में से प्रत्येक, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन, एक खेल खेलते हैं। C शुक्रवार को खेलता है। C और B के बीच केवल एक ही व्यक्ति खेलता है, लेकिन B अंतिम दिन नहीं खेलता है। A, D से ठीक पहले खेलता है, लेकिन D अंतिम दिन नहीं खेलता है। F, G के ठीक बाद खेलता है। E किस दिन खेलता है?

Ans
- ✗ A. मंगलवार
- ✗ B. शनिवार
- ✗ C. रविवार
- D. बृहस्पतिवार

Q.37 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

(60 Q 4) P 6 R 10 P 3 = ?

Ans
- ✗ A. 80
- ✗ B. 40
- C. 60
- ✗ D. 45

Q.38 A, B, C, D, E, F और G एक ही इमारत के सात अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 7 है। C के ऊपर केवल एक व्यक्ति रहता है। G और C के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। D और G के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है, लेकिन D सबसे नीचे वाले तल पर नहीं रहता है। F, E के ठीक नीचे रहता है। F और B के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। B कौन-से तल क्रमांक पर रहता है?

Ans
- ✗ A. तल क्रमांक 3
- ✗ B. तल क्रमांक 2
- C. तल क्रमांक 4
- ✗ D. तल क्रमांक 5

Q.39 एक निश्चित तरीके से, DM3 का संबंध LU27 से है। उसी तरीके से, AR12 का संबंध IZ1728 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DK13 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. MS1019
- ✗ B. MR169
- ✗ C. LR507
- D. LS2197

**Q.40** एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) से क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
पांच स्तंभों I, L, O, M और D में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे ऊंचा स्तंभ कौन-सा है?

कथन:
(I) I केवल दो स्तंभों से ऊंचा है। L, D से ऊंचा है और किसी भी स्तंभ की ऊंचाई L और D के बीच नहीं है।
(II) M, D से ऊंचा है।

**Ans**
- ✗ A. केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ C. दोनों कथन I और II में दी गई जानकारी एक साथ (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
- D. दोनों कथन I और II में दी गई जानकारी एक साथ भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**Q.41** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 21 का संबंध 83 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 33 का संबंध 131 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 43 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोटः संख्या को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए-13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा आदि 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ने तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
- A. 171
- ✗ B. 166
- ✗ C. 161
- ✗ D. 177

**Q.42** राजन बिंदु A से शुरू करके पूर्व दिशा में 51 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, 56 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 56 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़ता है और 63 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है, 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

**Ans**
- A. 7 km, दक्षिण की ओर
- ✗ B. 8 km, दक्षिण की ओर
- ✗ C. 10 km, उत्तर की ओर
- ✗ D. 9 km, उत्तर की ओर

**Q.43** निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) Y D A U L K E I C B A O O A N M I Q F U E L (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद एक स्वर है?

**Ans**
- A. 5
- ✗ B. 8
- ✗ C. 7
- ✗ D. 4

**Q.44** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्म में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. MQ−OS
- ✗ B. TX−VZ
- C. NR−OV
- ✗ D. HL−JN

| | |
|---|---|
| Q.45 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें की कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ भारतीय, अमेरिकी हैं।<br>कुछ अमेरिकी, रूसी हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कोई भी रूसी, अमेरिकी नहीं है।<br>(II) सभी भारतीय, रूसी हैं। |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।<br>✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।<br>✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।<br>D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.46 | नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>GPI : IMK<br>NQJ : PNL |
| Ans | ✗ A. KKE : MHF<br>B. CZS : EWU<br>✗ C. AVU : CRW<br>✗ D. SRL : UOM |

| | |
|---|---|
| Q.47 | निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) U N M K L P E C S X D F Y U M U T E W X Z S E Q A Z S I O P L M J (दाएं)<br><br>ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनके ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद एक व्यंजन है? |
| Ans | A. 5<br>✗ B. 3<br>✗ C. 6<br>✗ D. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.48 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>75 C 112 A 7 B 4 D 40 = ? |
| Ans | A. 99<br>✗ B. 97<br>✗ C. 94<br>✗ D. 98 |

| | |
|---|---|
| Q.49 | आर्द्रता वाले वातावरण में धातु की वस्तु में जंग लगने लगती है। जंग को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे प्रभावी और लंबे समय तक चलने वाली होगी? |
| Ans | ✗ A. नमी के संपर्क में आने से रोकने के लिए धातु को सूखे कपड़े में लपेटना<br>B. ज़िंक जैसी अधिक क्रियाशील धातु से विलेपन करना<br>✗ C. पेंट का एक कोट लगाना<br>✗ D. समय-समय पर पृष्ठ को तेल से पोंछना |

**Q.50** पशुधन और डेयरी क्षेत्र में भारत के सर्वोच्च सम्मानों में से एक, किस पुरस्कार की घोषणा नवंबर 2025 में की गई थी?

**Ans**
A. राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार
B. पद्म श्री
C. राज्योत्सव पुरस्कार
D. CII गुणवत्ता रत्न पुरस्कार

**Q.51** एक निश्चित तर्क के अनुसार, 41 का संबंध 165 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 18 का संबंध 73 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से 122 का संबंध किससे है?

(नोट: गणितीय संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
A. 495
B. 487
C. 492
D. 489

**Q.52** प्याज के झिल्ली और मनुष्य के गाल की कोशिकाओं में, कोशिका झिल्ली से घिरे हल्के धब्बे वाले क्षेत्र को क्या कहा जाता है?

**Ans**
A. केंद्रक
B. कोशिका द्रव्य
C. रसधानियाँ
D. कोशिका भित्ति

**Q.53** एक बेलनाकार छड़ का बाह्य वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 7500 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 92 cm है, तो छड़ की बाह्य त्रिज्या (cm में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) कितनी होगी?
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans**
A. 12.97
B. 14.12
C. 13.11
D. 11.65

**Q.54** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
192 185 198 191 204 197 210 ?

**Ans**
A. 203
B. 206
C. 201
D. 205

**Q.55** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित है जिस प्रकार से निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी है। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

14 - 26
32 - 44

**Ans**
A. 56 - 69
B. 29 - 41
C. 70 - 83
D. 40 - 54

| | |
|---|---|
| **Q.56** | **एक व्यापारी किसी उत्पाद पर ₹2,000 अंकित करता है। वह एक ग्राहक को 20% और 10% की दो क्रमिक छूटें देता है। एकल समतुल्य छूट प्रतिशत और उत्पाद का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।** |
| **Ans** | ✗ A. 20%, ₹1,640 |
| | B. 28%, ₹1,440 |
| | ✗ C. 25%, ₹1,540 |
| | ✗ D. 30%, ₹1,740 |

| | |
|---|---|
| **Q.57** | **तीन साझेदार, एलेक्स, बेन और क्रिस, एक स्टार्टअप में निवेश करते हैं। एलेक्स ₹30,000, बेन ₹45,000 और क्रिस ₹60,000 का निवेश करते हैं। एक वर्ष बाद, ₹27,000 का लाभ प्राप्त होता है। लाभ में एलेक्स का हिस्सा ज्ञात कीजिए।** |
| **Ans** | ✗ A. ₹5,000 |
| | ✗ B. ₹5,200 |
| | ✗ C. ₹5,800 |
| | D. ₹6,000 |

| | |
|---|---|
| **Q.58** | **T, R, O, U, B, L और E में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। L और T के बीच केवल तीन लोगों की परीक्षा है। U और O के बीच भी केवल तीन लोगों की परीक्षा है। B की परीक्षा E से पहले किसी दिन और R के बाद किसी दिन है। केवल O की परीक्षा T के बाद है। B के बाद कितने लोगों की परीक्षा है?** |
| **Ans** | ✗ A. चार |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. एक |
| | D. तीन |

| | |
|---|---|
| **Q.59** | **दो त्रिभुजों ∆ABC ~ ∆PQR में, AB=12cm और PQ=4cm है। यदि AL और PM संबंधित त्रिभुजों की ऊंचाई हैं, तो AL : PM कितना होगा?** |
| **Ans** | ✗ A. 2:3 |
| | ✗ B. 2:1 |
| | C. 3:1 |
| | ✗ D. 1:3 |

| | |
|---|---|
| **Q.60** | **वह धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए, जिस पर 5% वार्षिक साधारण ब्याज दर से 4 वर्ष में ₹460 ब्याज अर्जित होगा।** |
| **Ans** | ✗ A. 2450 |
| | B. 2300 |
| | ✗ C. 2100 |
| | ✗ D. 2500 |

| | |
|---|---|
| **Q.61** | **इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) से क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।**<br>**पांच खंभों—I, N, C, H और L—जिनकी ऊंचाई अलग-अलग है, इनमें से सबसे छोटा खंभा कौन-सा है?**<br>**(I) C केवल दो खंभों से ऊंचा है। I, C से छोटा है और N, I से छोटा है।**<br>**(II) H, L से ऊंचा है।** |
| **Ans** | A. केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है। |
| | ✗ B. दोनों कथन I और II एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। |
| | ✗ C. केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है। |
| | ✗ D. दोनों कथन I और II एक साथ (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। |

**Q.62** एक व्यापारी चावल की दो किस्मों, A और B को वजन के अनुसार 3 : 5 के अनुपात में मिश्रित करता है। वह मिश्रण को उस मूल्य पर बेचता है कि उसे चावल A पर 20% का लाभ होता है तथा चावल B पर 10% की हानि होती है। यदि मिश्रण पर समग्र लाभ 8% है, तो प्रति kg चावल A के क्रय मूल्य और प्रति kg चावल B के क्रय मूल्य का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
A. 5 : 2
B. 2 : 5
C. 3 : 4
D. 4 : 3

**Q.63** सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E, A के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। G, E के दाएं तीसरे स्थान पर और C के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। F, B के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। C के बाएं से गिने जाने पर, C और A के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
A. एक
B. दो
C. तीन
D. एक भी नहीं

**Q.64** चूंकि चंद्रमा का द्रव्यमान पृथ्वी के द्रव्यमान से कम है, तो पृथ्वी पर किसी वस्तु के भार की तुलना में चंद्रमा पर उस वस्तु के भार के संबंध में क्या कहा जा सकता है?

Ans
A. चंद्रमा पर कम
B. दोनों पर एक समान
C. चंद्रमा पर अधिक
D. चंद्रमा पर शून्य

**Q.65** एक निश्चित कूट भाषा में, 'HALT' को '6928' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'GHAT' को '4862' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'G' के लिए कूट क्या है?

Ans
A. 6
B. 2
C. 8
D. 4

**Q.66** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
A. JOU
B. QVB
C. DIO
D. MRY

**Q.67** निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक कितना है?

70, 79, 66, 89, 68, 80, 82, 80, 71, 84, 69, 68, 61, 85, 71, 84, 68, 86, 73, 75, 83, 88, 64, 88, 65

Ans
A. 88
B. 71
C. 80
D. 68

**Q.68** दो पाइप, A और B, पानी के एक टैंक को क्रमशः 1 घंटे और        घंटे में भर सकते हैं। पाइप A को खोल दिया जाता है। इसे बंद किए बिना 15 मिनट बाद, पाइप B को भी खोल दिया जाता है। दोनों पाइपों द्वारा टैंक भरने में कितना और समय लगेगा?

**Ans**

A. 30 मिनट

B. 25 मिनट

C. 27 मिनट

D. 24 मिनट

**Q.69** निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।
(बाएं) @ 8 1 < 2 + + > 6 # \ * 7 & + * * 3 3 $ 2 (दाएं)
ऐसे कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

**Ans**

A. तीन

B. दो

C. एक भी नहीं

D. एक

**Q.70** सात व्यक्ति, J, K, L, M, N, O और P, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। J के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। P के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K, P के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। M, P के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। L और O के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। O, M के ठीक बाईं ओर पड़ोस में नहीं बैठा है। P के ठीक बाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

**Ans**

A. M

B. O

C. J

D. K

**Q.71** गैसों का कौन-सा गुण उन्हें किसी भी पात्र को पूर्णतः भरने की सुविधा प्रदान करता है?

**Ans**

A. कण पात्र की दीवारों के साथ मजबूत आबंध बनाते हैं।

B. कण स्थिर रहते हैं और आसानी से गति नहीं कर सकते हैं।

C. कण स्वतंत्र रूप से गति करते हैं और उनमें नगण्य आकर्षण होता है।

D. कण निश्चित आयतन और निश्चित आकार घेरते हैं।

**Q.72** 8 पुरुष किसी कार्य को 20 दिन में पूरा कर सकते हैं। 8 महिलाएं उसी कार्य को 32 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 5 पुरुष और 8 महिलाएं मिलकर उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगे?

**Ans**

A. 20 दिन

B. 18 दिन

C. 22 दिन

D. 16 दिन

**Q.73** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल अंक वाली संख्याएं हैं।)

(बाएं) 3 ^ 5 # 6 £ 1 $ @ 8 % 7 * 4 ≺ Ω 9 2 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो बाएं से पांचवें स्थान पर निम्नलिखित में से क्या आएगा?

**Ans**

A. 8

B. 1

C. 7

D. 4

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना गुर्दे में कुंडलित नली के एक छोर पर कप के आकार की होती है?

Ans

A. बोमन-संपुट (Bowman's capsule)

✗ B. हेनली लूप (Loop of Henley)

✗ C. संग्राहक वाहिनी (Collecting duct)

✗ D. केशिका गुच्छ (Glomerulus)

Q.75 एक विद्यार्थी के अंक गलती से 91 के बजाय 70 दर्ज कर दिए गए। इसके कारण कक्षा के औसत अंक $\frac{7}{3}$ कम हो गए। कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?

Ans

✗ A. 8

✗ B. 17

C. 9

✗ D. 3

"